# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:04 SEPTEMBER. 2025

दैनिक भास्कर
भोपाल 04-09-2025

# सप्रे संग्रहालय की विशेष अध्ययन कक्षा में शामिल हुए MCU छात्र

भोपाल| माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के 88 छात्र बुधवार को माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान की विशेष अध्ययन कक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें विश्वविद्यालय के जनसंपर्क-विज्ञापन एवं सिनेमा विभाग की स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र थे। सबसे पहले इन छात्रों ने ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय पावर पाइंट प्रजेंटेशन देखा। उसके प्रमुख बिंदुओं के नोट्स लिए। तदुपरांत पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क, सिनेविधा से संबंधित प्रश्नोत्तर का लगभग एक घण्टे की विशेष कक्षा हुई। विद्यार्थियों की जिज्ञासा और प्रश्नों का समाधान संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने किया। पहली बार विद्यार्थियों की सवाल पूछने की जाग्रत रुचि से संभावना जगी कि नई पीढ़ी ज्यादा से ज्यादा जानना चाहती है।

# एमसीयू के छात्रों की सप्रे संग्रहालय में विशेष अध्ययन कक्षा

जागरण, भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के ४४ छात्र-छात्राएं बुधवार को माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में आयोजित विशेष अध्ययन कक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें विश्वविद्यालय के जनसंपर्क, विज्ञापन एवं सिनेमा विभाग की स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी शामिल थे। इसके बाद लगभग एक घंटे तक विशेष कक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क और सिनेविधा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान संग्रहालय के संस्थापक और वरिष्ठ पत्रकार विजयदत्त श्रीधर ने किया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK JAGRAN'04 SEPTEMBER.2025